<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 20.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. रेल रोको आंदोलन के तहत कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों ने ट्रैक को किया जाम, कई ट्रेनों का परिचालन बाधित।
2. झारखंड में 521 करोड़ के चिटफंड घोटाला मामले में इडी ने किया टेक ओवर, जांच एजेंसी आरोपी कंपनी के निदेशक और उनकी पत्नी से जांच एजेन्सी करेगी पूछताछ।
3. धनबाद में शहीद निर्मल महतो मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के जूनियर डाक्टरों ने शुरु की बेमियादी हड़ताल, ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं बाधित।
4. दुर्गा पूजा में में दिख सकता है बारिश का प्रभाव, मौसम विभाग ने 26 से 29 सितंबर तक राज्य के कई इलाकों में वर्षा और वज्रपात का जताया पूर्वानुमान।
5. नालंदा व पटना में आयोजित नौवीं ईस्ट जोन राइफल–पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में देवघर के शूटरों का शानदार प्रदर्शन, शैल्य देव ने गोल्ड और अंकित कुमार ने जीता कांस्य पदक।

********************

कुड़मी समाज के रेल रोको आंदोलन का रेल यातायात पर असर पड़ा है। इसके कारण कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। आंदोलनकारी जगह–जगह ट्रैक पर बैठकर अपना विरोध जता रहे हैं। हजारीबाग के चरही रेलवे स्टेशन से एक भी ट्रेन नहीं गुजर सकी है। मालगाड़ी के साथ–साथ पैसेंजर गाड़ी को भी आंदोलनकारियों ने रोक दिया है।

********************

रेल रोको आंदोलन की वजह से कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के सीनियर डिविजनल कमर्शियल मैनेजर शुचि सिंह ने बताया कि कई रेलगाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन भी किया गया है।

********************

इधर, कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने को लेकर झामुमो और भाजपा के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरु हो गया है। झामुमो के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने इस आंदोलन को भाजपा प्रायोजित होने का आरोप लगाया है।

इस पर भाजपा ने पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि भाजपा के माथे ठीकरा फोड़कर राज्य सरकार अपनी जिम्मेवारी से बच नहीं सकती।

********************

प्रवर्तन निदेशालय–इडी ने झारखंड में 521 करोड़ की ठगी मामले में ईसीआईआर दर्ज कर ली है। एजेंसी ने चिटफंड कंपनी मैक्सीजोन के निदेशक चंद्रभूषण सिंह उर्फ दीपक सिंह और उसकी पत्नी प्रियंका सिंह के खिलाफ जमशेदपुर के साकची और मानगो थाना में दर्ज प्राथमिकी को टेकओवर किया है। अब इडी इनसे तीन दिनों तक पूछताछ करेगी।

********************

धनबाद सांसद प्रतिनिधि रामप्रवेश दास और एक जूनियर महिला डॉक्टर के बीच कल शाम हुए विवाद के बाद आज सुबह से ही शहीद निर्मल महतो मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से ठप कर दी गईं हैं। जूनियर डॉक्टरों ने बेमियादी हड़ताल शुरू कर दी है, जिससे ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं बाधित हैं।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनसेवा और सुशासन की भावना से सरकार बदलाव और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। सेवा पर्व की अपनी विशेष श्रृंखला में आज हम चर्चा कर रहे हैं कि किस तरह मोदी सरकार ने देश के हर परिवार को सुरक्षा देने के लिए बीमा का दायरा बढ़ाया है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म ष्चलो जीते हैंष देश के लाखों स्कूलों और लगभग पांच सौ सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। यह फिल्म प्रधानमंत्री मोदी के बचपन की एक घटना से प्रेरित है।

********************

जमशेदपुर के टेल्को मनीफीट स्थित टाटा स्टील के आईएसडब्ल्यूपी परिसर में कंबी मिल प्लांट का संचालन अब प्राकृतिक गैस से होगा। इसके लिए टाटा स्टील प्रबंधन और गेल इंडिया के बीच करार हुआ है।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 3 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 37 हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

मौसम विभाग ने 26 से 29 सितंबर तक राज्य के कई इलाकों में रुक–रुक कर बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार 25 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव वाला क्षेत्र बनने की संभावना है। इससे दुर्गा पूजा के त्योहार में बारिश का असर दिख सकता है।

********************

नालंदा व पटना में आयोजित नौवीं ईस्ट जोन राइफल–पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में देवघर के शूटरों ने शानदार प्रदर्शन किया है। शैल्य देव ने 50 मीटर राइफल फायर आर्म्स प्रोन पोजिशन वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर पहला स्थान हासिल किया। इसी स्पर्धा में अंकित कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। वहीं 10 मीटर पिस्टल इवेंट में कवि पंडित ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने का स्थान सुरक्षित किया।

********************